

पोस्ट लिख डिविलियर्स ने आरसीबी को कहा शुभ विदा

RCB के ट्विटर हैंडल से जारी वीडियो में डिविलियर्स ने कहा, मैंने आरसीबी के साथ लंबा और अच्छा वक्त बिताया है। 11 साल यूं ही गुजर गए और लड़कों को छोड़कर जाना अच्छा नहीं लग रहा। इस फैसले में काफी वक्त लगा लेकिन सोच–विचार के बाद मैंने रिटायर होकर अपने परिवार के साथ वक्त बिताने का फैसला किया है। मैं आरसीबी मैनेजमेंट, दोस्त विराट कोहली, टीममेट्स, कोचों, सपोर्ट स्टाफ, फैन्स और पूरे आरसीबी परिवार का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा।

## डिविलियर्स के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट पर कोहली का भावुक पोस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर और 360 डिग्री के नाम से मशहूर एबी डिविलियर्स के खेल के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा के बाद उनके करीबी दोस्त और भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भावुक पोस्ट किया है। डिविलियर्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से 2018 में संन्यास लिया था मगर आईपीएल समेत दुनियाभर की टी–20 लीग्स में खेल रहे थे। कोहली ने फेसबुक पोस्ट में डिविलियर्स और अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, आपने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए सबकुछ दिया और ये मेरा दिल जानता है। आप इस फ्रेंचाइजी के अनमोल थे। आपके लिए मेरे पास शब्द तक नहीं है। चिन्नास्वामी स्टेडियम आपको मिस करेगा। मैं भी आपको बेहद मिस करूंगा। अब आपके साथ नहीं खेल पाऊंगा मेरे भाई। मैं आपको बेहद प्यार करता हूं और हमेशा आपका नंबर 1 फैन हूंगा। बता दें कि कोहली और डिविलियर्स के बीच मैदान से लेकर मैदान के बाहर तक खूब याराना था। दोनों खिलाड़ी एक–दूसरे की काफी इज्जत करते थे।

# अब मैदान पर नहीं दिखेगा मिस्टर 360 डिग्री का जलवा

क्रिकेट

## फेमस बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का क्रिकेट के हर प्रारुप से संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की राजनीति के परिदृश्य में शुक्रवार 19 नवंबर का दिन खास रहा, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की, जिसको लेकर किसान आंदोलन पिछले करीब एक साल से जारी था। वहीं, खेल की दुनिया से दो बड़ी खबरें सामने आईं, जिसमें टिम पेन का सेक्सटिंग स्कैंडल के कारण आस्ट्रेलिया की टेस्ट कप्तानी छोड़ना रहा और दूसरा ये कि मिस्टर 360 डिग्री के नाम से फेमस बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास लेना रहा। भले ही टिम पेन का कप्तानी छोड़ना और एबी डिविलियर्स का संन्यास लेना भारत के दृष्टिकोण से दूर हो, लेकिन हर कोई जानता है कि एबी डिविलियर्स की फैन फोलोइंग भारत में काफी ज्यादा है। संख्या के लिहाज से देखा जाए तो शायद



साउथ अफ्रीका में एबी डिविलियर्स को चाहने वाले इतने नहीं होंगे, जितने उनके फैन भारतीय सरजमीं पर आपको मिल जाएंगे। इसके पीछे का कारण उनका भारत से लगाव ही है, क्योंकि वे यहां लंबे समय तक इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल में खेले हैं।

**तूफानी बल्लेबाज का खौफः** दाएं हाथ के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के आंकड़ों को देखें तो वे हैरान करने वाले हैं। टी20 या वनडे क्रिकेट ही नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में भी उनकी तूफानी बल्लेबाजी का खौफ गेंदबाजों को रहता था। खासकर सीमित ओवरों की क्रिकेट में एबी डिविलियर्स ने जो तूफान मचाया था, उसके कारण उनको प्रसिद्धि मिली। परिस्थिति कैसी भी हो, लेकिन एबी डिविलियर्स हर परिस्थिति में तूफानी बल्लेबाजी जारी रखते थे और वे हमेशा गेंदबाजों पर हावी रहते थे।

**क्यों पड़ा मिस्टर ३६० डिग्री नाम?** क्रिकेट का मैदान 360 डिग्री होता है, लेकिन इस खेल के हर खिलाड़ी के पास वो प्रतिभा नहीं होती है, जो साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स के पास थी। यहां तक कि मौजूदा समय में भी कुछ ही ऐसे नाम हैं, जो मिस्टर 360 डिग्री को सार्थक करते हैं। ऐसा क्या था कि एबी डिविलियर्स को मिस्टर 360 डिग्री की संज्ञा मिली। दरअसल, डिविलियर्स मैदान के चारों ओर शाट मारने में माहिर थे। इसके अलावा वे स्टांस बदलकर भी शाट खेल सकते थे। इसलिए उनको मिस्टर 360 डिग्री का उपनाम मिला।

**डिविलियर्स का वर्ल्ड रिकार्डः** एबी डिविलियर्स वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक, सबसे तेज शतक और सबसे तेज 150 रन की पारी खेलने वाले दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं। एबी डिविलियर्स ने महज 31 गेंदों में वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक ठोका है। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने ये कारनामा किया था।

# शर्मसार होने पर संभाली थी आस्ट्रेलियाई टीम की कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साल 2018 में आस्ट्रेलिया की टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर गई थी और केपटाउन में तीसरे टेस्ट के दौरान आस्ट्रेलिया की टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ और उपकप्तान डेविड वार्नर की मिलीभगत के कारण बल्लेबाज कैमरोन बैनक्राफ्ट ने बाल टैंपिरिंग की थी, जिसके कैमरे में कैद कर लिया गया। इसके कारण स्टीव स्मिथ को कप्तानी छोड़नी पड़ी और उन पर बैन भी लगा था। वहीं, इस कांड के बाद टिम पेन को टीम की कप्तानी मिली थी। आस्ट्रेलिया की टीम जब बाल टैंपरिंग के कारण दुनिया में शर्मसार हुई थी तो उस टीम का आगे बढ़ाने का जिम्मा टिम पेन ने लिया था, लेकिन




किसको पता था कि टिम पैन खुद कांड किए बैठे हैं और उनका ये कांड अब 2021 में उजागर हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2017 में तस्मानिया के लिए खेलते हुए टिम पैन ने महिला सहकर्मी के साथ गंदे फोटो और मैसेज एक्सचेंज किए थे। इसी सेक्सटिंग स्कैंडल के कारण उनको कप्तानी छोड़नी पड़ी है।

बाल टैंपरिंग की वजह से शर्मसार होने के बाद टीम के कप्तान बनाए टिम पैन को अब सेक्सटिंग स्कैंडल की वजह से एक बार फिर से आस्ट्रेलियाई टीम को शर्मसार कर बैठे हैं। जिस स्थिति में पैन ने टीम की कमान संभाली थी, अब उससे भी ज्यादा खराब स्थिति में टीम को छोड़कर चले गए हैं। एक तरह से टिम पैन ने टीम को मझधार में छोड़ दिया है, क्योंकि अगले महीने से आस्ट्रेलिया की टीम को इंग्लैंड के साथ एशेज सीरीज खेलनी है।

एशेज सीरीज से पहले इतने बड़े कांड के उजागर होने से इसका असर सीधे तौर पर आस्ट्रेलिया की टीम पर पड़ेगा। सबसे पहले तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया को नए कप्तानी की घोषणा करने होगी, जिसके लिए उपकप्तान पैट कमिंस शायद कप्तानी करते नजर आ सकते हैं। इसके अलावा टीम को विकेटकीपर के तौर पर एलेक्स कैरी या फिर जोस इंग्लिस के पास जाना होगा।

## रांची में भारत के लिए टी20 में सबसे बड़ी पारी शिखर धवन के नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रांची में खेले गए दो मुकाबलों में अब तक भारत की तरफ से सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भारतीय ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन हैं जो इन दिनों भारतीय टी20 टीम से बाहर चल रहे हैं। वहीं भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नए कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैदान पर अब तक दो मैच खेले हैं। रांची के मैदान पर भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल मैच में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकार्ड धवन के नाम है। धवन ने यहां पर श्रीलंका के खिलाफ साल 2016 में 25 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली थी। उन्होंने अपनी इस पारी में 2 छक्के और 7 चौके लगाए थे और उनका स्ट्राइक रेट 204 का रहा था। धवन की इस पारी के दम पर भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए थे और श्रीलंका को इस मुकाबले में 69 रन बनाए थे। रांची में रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ पहले मुकाबले में 36 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली थी। रोहित की इस पारी ने भी टीम इंडिया की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी।

## न्यूज डायरी




### पोंटिंग को बनाया जा रहा था टीम इंडिया का हेड कोच, हामी पर हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जयपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी–20 में पांच विकेट की जीत ने भारतीय सीनियर टीम के साथ द्रविड़ के कोचिंग कार्यकाल की शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग इस बात से हैरान है कि द्रविड़ ने कोच बनने के लिए हामी कैसे भर दी। पोंटिंग ने खुलासा किया है कि उन्हें टीम इंडिया के कोच पद के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन उन्हें इसके लिए मना करना पड़ा क्योंकि उनके पास समय का अभाव था। पोंटिंग ने ग्रेड क्रिकेटर्स पॉडकास्ट पर कहा कि उन्होंने आईपीएल के दौरान इस बारे में कुछ लोगों से बातचीत की थी। वर्तमान में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग के मुताबिक, 'मैंने जिन लोगों से बात की, वे मेरे साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक थे, लेकिन मैंने उनसे कहा कि मैं इतना समय नहीं दे सकता। मेरे परिवार में सात साल का बेटा है और मैं उसे साल में कम से कम 300 दिन देना चाहता हूं। आईपीएल के साथ यह पूरी तरह से संभव है।'

### ओलिंपिक चैंपियन एक्सेलसेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रणय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने यहां अपनी–अपनी स्पर्धाओं में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। दिन की सबसे बड़ी जीत प्रणय के नाम रही, जिन्होंने तोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसेन को हराकर बड़ा उलटफेर किया, उन्होंने पुरुष एकल के दूसरे दौर के एक घंटे 11 मिनट तक चले इस मुकाबले को 14–21, 21–19, 21–16 से अपने नाम किया। पहला गेम गंवाने के बाद प्रणय ने विश्व रैंकिंग के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ शानदार वापसी कर यादगार जीत दर्ज की। एक्सेलसेन के खिलाफ छह मैचों में प्रणय की यह पहली जीत है। विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज प्रणय मार्च के बाद पूर्ण मैच में डेनमार्क के इस खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय है।

### खेल रत्न अवॉर्ड हासिल करने से कुछ घंटे पहले मां को खोया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तोक्यो पैरालिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले कृष्णा नागर की मां का शनिवार को निधन हो गया। वह राष्ट्रपति भवन में मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार लेने के लिए दिल्ली में थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें व 11 अन्य ऐथलीट्स को देश के इस सबसे बड़े खेल पुरस्कार से सम्मानित किया। नागर ने पुरुषों के बैडमिंटन की कैटगिरी एसएच6 के तोक्यो मे हुए फाइनल में गोल्ड मेडल जीता था। वह दिल्ली में थे जब उनकी मां का निधन हो गया। शुरुआत में कृष्णा के पिता सुनील नागर, जो एक फिजियोथेरेपिस्ट भी हैं, ने उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी। 22 वर्षीय कृष्णा जब अपने गृहनगर जयपुर पहुंचे तभी उनकी इसकी जानकारी मिली। उनकी मां 49 वर्ष की थीं। इस पूरे घटनाक्रम पर कृष्णा ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया को जयपुर से बताया– 10 नवंबर को मैं अवॉर्ड सेरेमिनी के लिए निकल रहा था।

### धाकड़ सुपर मॉम गीता फोगाट की 4 वर्ष बाद दंगल में वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गोंडा। फोगाट बहनों में सबसे बड़ी गीता की कुश्ती में वापसी हो गई है। 4 वर्ष बाद उन्होंने नेशनल चैंपियनशिप में न केवल हिस्सा लिया, बल्कि सिल्वर मेडल भी अपने नाम किया। उन्हें सरिता मोर ने अपने दमखम और कौशल का अच्छा नमूना पेश करके हराकर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 59 किग्रा का खिताब जीता। महिलाओं में 59 किग्रा सबसे मुश्किल भार वर्ग था क्योंकि विश्व चैंपियनशिप की तीन पदक विजेता खिताब की दौड़ में शामिल थी। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सरिता मोर को केवल पूजा ढांडा से ही चुनौती मिली।